प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 02.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति की बैठक, भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर जतायी चिंता, यूएई के राष्ट्रपति और इजराइल के प्रधानमंत्री से की बात।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन आज रांची में करेंगे साझा प्रेस वार्ता, औद्योगिक विकास पर हो सकती है बड़ी घोषणा।**
3. **धनबाद में मेयर प्रत्याशी की हार के बाद पार्टी में शुरू हुआ आत्ममंथन का दौर, पार्टी नेताओं ने फोड़ा बैलेट पेपर पर ठीकरा; मतदाताओं में भ्रम को बताया हार की बड़ी वजह।**
4. **आज मनेगा होलिका दहन का उत्सव; 4 मार्च को खिली धूप के बीच खेली जाएगी रंगों वाली होली, रांची में 4 हजार जवानों और ड्रोन कैमरों से रखी जायेगी हुड़दंगियों पर नजर।**
5. **महिला विश्वकप हॉकी क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय टीम घोषित, झारखंड की सलीमा टेटे, दीपिका सोरेंग, निक्की प्रधान और ब्यूटी डुंगडुंग टीम में शामिल।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक की। समिति को ईरान पर हमले के बाद खाड़ी देशों की स्थिति की जानकारी दी गई। समिति ने पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की। समिति ने इस क्षेत्र से बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों और परीक्षार्थियों को आ रही परेशानियों की समीक्षा भी की। समिति ने सभी विभागों को भारतीय नागरिकों को ज़रूरी सहायता मुहैया कराने के निदेश दिए हैं।

****

विदेश मंत्रालय ने भारत में रह रहे ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है जो अपना वीज़ा बढ़ाना चाहते हैं या अपने ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

****

राजधानी रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टी.वी. नरेंद्रन संयुक्त रूप से मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेंगे। माना जा रहा है कि इस दौरान टाटा समूह द्वारा झारखंड में आगामी निवेश योजनाओं, हाइड्रोजन प्लांट और औद्योगिक विस्तार जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

****

लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील के संस्थापक जे.एन. टाटा की 187वीं जयंती का उल्लास चरम पर है। इस विशेष अवसर पर टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा आज विशेष विमान से शहर पहुंच रहे हैं। नोएल टाटा के लिए चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद यह पहला जमशेदपुर दौरा है। आज शाम साढ़े छह बजे दोनों शीर्ष अधिकारी जुबिली पार्क में भव्य लाइटिंग का उद्घाटन करेंगे।

****

धनबाद नगर निगम के मेयर पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी की हार के बाद पार्टी में मंथन का दौर शुरू हो गया है। विधायक राज सिन्हा और जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने हार की समीक्षा के बाद खुलकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया, बैलेट पेपर से मतदान और मतदाताओं में भ्रम को इस अप्रत्याशित हार की बड़ी वजह बताया है।

****

राजधानी रांची के धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में आज शाम 4 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इस प्रेस वार्ता का मुख्य एजेंडा आगामी सितंबर माह में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसका विषय मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी रखा गया है। इस अवसर पर सम्मेलन के लिए नॉलेज पार्टनर, आधिकारिक पोस्टर और विशेष वेबसाइट की लॉन्चिंग की जाएगी।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में आज होलिका दहन का उत्सव मनाया जायेगा।कल लगने वाले चंद्र ग्रहण के सूतक काल के कारण इस वर्ष रंगों का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, होली के दिन मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है।

****

4 मार्च को मनाए जाने वाले होली पर्व को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में जिला बल के 4 हजार जवानों के साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में विशेष नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का सहारा लिया जाएगा।

****

पलामू जिले में इस बार होली का रंग पूरी तरह प्राकृतिक होने वाला है। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से जुड़ी सखी दीदियां जोर–शोर से हर्बल गुलाल और रंग तैयार करने में जुटी हैं। पिछले तीन वर्षो में इसकी मांग तीन गुना तक बढ़ गई है। उपविकास आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि इन रंगों को पलाश मार्ट के विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से बेचा जाएगा।

****

चतरा में आज एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस हादसे में एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गये।

****

आज दोपहर के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 1 दशमलव 6 प्रतिशत से नीचे कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स छह सौ दस अंक गिरकर इक्यासी हजार छह सौ उनचालीस पर और निफ्टी 211 अंक गिरकर 25 हजार दो सौ पच्चासी पर आ गया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 57 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 90 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

आगामी महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के लिए हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों सलीमा टेटे, दीपिका सोरेंग, निक्की प्रधान और ब्यूटी डुंगडुंग को शामिल किया गया है। एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है। प्रतियोगिता के पूल–बी में, भारत के साथ स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स की टीमें हैं। भारत का पहला मैच 8 मार्च को उरुग्वे से होगा।